तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार 24 मार्च 2026

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

11 सीआरपीएफ सी-17 बटालियन ने ग्रामीणों को दी सामग्री व दवाइयां



12 संस्कृति, परिवार और राष्ट्र की एकता है आरएसएस के शताब्दी वर्ष का उद्देश्य



## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में मर्हिष कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने -अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है-
चंद्रहासोज्ज्वलकरा
शार्दूलवरवाहना।

# बस्तर की धरती पर कांकेर जवान का परचम, आरक्षक भावेश ने हाफ मैराथन में मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**21 किमी की दौड़ महज 1 घंटा 8 मिनट में पूरी की**



जगदलपुर में आयोजित बस्तर हेरिटेज मैराथन 2026 में इस बार कांकेर जिले के जवान ने ऐसा प्रदर्शन किया, जिसने पूरे जिले का मान बढ़ा दिया। रक्षित केन्द्र कांकेर में पदस्थ आरक्षक भावेश कुमार सलाम ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में शानदार दौड़ लगाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया और अपनी मेहनत व जज़्बे का लोहा मनवाया।

बस्तर हेरिटेज मैराथन में 22 मार्च को आयोजित प्रतिष्ठित मैराथन में देश-विदेश समेत बस्तर संभाग के कुल 9235 धावकों ने भाग लिया। इनमें 8127 प्रतिभागी केवल बस्तर संभाग से थे, जबकि अन्य राज्यों और अंतरराष्ट्रीय स्तर के एथलीट्स ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इतनी बड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच भावेश सलाम ने 21 किमी. की दौड़ महज 1 घंटा 8 मिनट में पूरी कर सभी को पीछे छोड़ दिया। यह मैराथन लालबाग से चित्रकोट पोटानार तक आयोजित की गई थी, जो प्राकृतिक सौंदर्य और चुनौतीपूर्ण मार्ग के लिए जानी जाती है। इस कठिन ट्रैक पर भावेश ने अनुशासन, दृढ़ इच्छाशक्ति और लगातार अभ्यास के दम पर जीत दर्ज की। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल पुलिस विभाग, बल्कि पूरे कांकेर जिले को गौरवान्वित किया है। यह उनकी पहली जीत नहीं है, इसके पहले भी कई जगह आयोजित मैराथन में परचम फैला चुके है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए छत्तीसगढ़ शासन के वन मंत्री केदार कश्यप ने भावेश सलाम को 1,00,000 की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया।

### प्रेरणा की मिसाल बनी

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने यह भी कहा कि भावेश की यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी और खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी। बस्तर की इस ऐतिहासिक मैराथन में कांकेर के जवान की यह जीत न केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व और प्रेरणा की मिसाल बन गई है।

## बस चालक मोबाइल पर बात करते आते हैं नजर, दुर्घटना की आशंका

# शहर की बिगड़ रही है यातायात व्यवस्था मनचाहे स्थानों पर रूक रहीं सवारी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- बस चालकों की लापरवाही से आमजनता परेशान



कांकेर शहर की सड़कों पर दौड़ती सवारी बसें अब सुविधा से ज्यादा परेशानी का कारण बनती जा रही हैं। यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते बस चालक न केवल अपनी मनमर्जी से वाहन चला रहे हैं, बल्कि शहर की यातायात व्यवस्था को भी पूरी तरह बिगाड़ रहे हैं। जिम्मेदार विभाग की ढीली कार्रवाई के चलते चालकों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं, उन्हें किसी प्रकार का डर ही नहीं रह गया है।

कांकेर शहर में इन दिनों यातायात व्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त होती नजर आ रही है। खासकर सवारी बसों के चालकों की मनमानी ने स्थिति को और भी गंभीर बना दिया है। बस चालक न तो निर्धारित स्टॉपेज का पालन कर रहे हैं और न ही यातायात नियमों का। वे जहां मन करता है वहीं बस रोक देते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। सवारी बस नए बस स्टैंड से सीधे गिल्ली चौक पर सवारी उतारने और चढ़ने का नियम बनाया गया था, परंतु यहाँ पर बसें तब तक खड़ी रहती है, जब तक पीछे कोई बस न आ जाए। इसके अलावा शहर के अंदर जगह-जगह सवारी लेने बस रोकी जाती है, जिससे पूरी यातायात व्यवस्था चरमरा जाती है। बस चालकों द्वारा सवारियां भरने के ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बस चालक के कानों में मोबाइल, बढ़ता खतरा

आजकल सड़कों पर एक खतरनाक प्रवृत्ति तेजी से देखने को मिल रही है। बस चालकों का वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना। कई चालक गाड़ी चलाते हुए कान में मोबाइल लगाए बातचीत करते नजर आते हैं, जो न केवल नियमों का उल्लंघन है बल्कि यात्रियों की जान के साथ सीधा खिलवाड़ भी है। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर बात करने से चालक का ध्यान भटकता है, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। खासकर भीड़भाड़ वाले शहरों में यह लापरवाही गंभीर हादसों का कारण बन सकती है।

# बांस प्लांट में दबिश, 8 जुआरी गिरफ्तार नकदी सहित वाहन और मोबाइल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- नकदी समेत 9 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

जिले में अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना अंतागढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। ग्राम पेवारी में बांस प्लांट के पास चल रहे जुआ अड्डे पर दबिश देकर पुलिस ने 8 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में पुलिस ने नगदी, मोबाइल फोन और कई वाहनों सहित कुल लगभग 8 लाख 96 हजार रुपये की संपत्ति जब्त की है। इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, वहीं आम जनता पुलिस की तत्परता और सक्रियता की सराहना कर रही है।

जानकारी के अनुसार 22 मार्च को थाना अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग ग्राम पेवारी के बांस प्लांट के पास जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक निखिल अशोक राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष बंछोर के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शुभम तिवारी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश जायसवाल के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी, जहां 8 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने मौके से 30,050 रुपये नगद, 52 पत्तों की ताश, एक तिरपाल, 8 मोबाइल फोन, 6 मोटरसाइकिल और एक आर्टिका कार जब्त की। जब्त वाहनों की कुल अनुमानित कीमत करीब 8 लाख 96 हजार रुपये आंकी गई है।

### जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम में मामला दर्ज

प्रदीप कुमार सिंह पित ओमप्रकाश सिंह निवासी गढ़पारा थाना अंतागढ़, मंजित पटेल पिता बिरेन्द्र पटेल निवासी उपरपारा थाना अंतागढ़, कोमलचंद कोमरे पिता लतखोर सिंह कोमरे निवासी संजयपारा भानुप्रतापपुर, रवि नाग पिता अभिमन्यु भाग निवासी गुडरीपारा नारायणपुर जिला नारायणपुर, राकेश ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### उल्लास साक्षरता परीक्षा 1360 महिलाओं ने दी

**दुर्गूकोंदल।** उल्लास साक्षरता अभियान के अंतर्गत 22 मार्च को आयोजित परीक्षा में नवसाक्षरों ने भाग लिया। परीक्षा में 2044 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, इनमें से 80 परीक्षा केंद्रों में कुल 1699 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया, जिनमें 1360 महिलाएं और 629 पुरुष शामिल रहे। महिलाओं की अधिक भागीदारी इस अभियान की सफलता और समाज में बढ़ती साक्षरता के प्रति जागरूकता को दर्शाती है।

### हरिनाम कीर्तन का भाजपा नेताओं ने लिया आनंद

**पखांजुर।** कापसी में आयोजित हरिनाम कीर्तन श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा सहित भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और कीर्तन में भक्ति भाव से शामिल हुए। जनसमूह ने भक्ति गीतों और कीर्तन का आनंद लिया। साथ ही महाप्रसाद बनाने में भी सभी ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया, जिससे पूरे आयोजन में सामूहिक सहभागिता की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कापसी अजय बाछाड़, जनपद सदस्य मन्मथ मंडल,जिला उपाध्यक्ष दीपांकर दत्ता, मंडल महामंत्री विमल साहा एवं अमित दास, आकाश सरकार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मिलकर कीर्तन में भाग लिया और धार्मिक वातावरण में समय बिताया।

### विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहर और वन मंदिर के महत्व को जाना



**बीजापुर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत बीजापुर जिले के विकासखण्ड भैरमगढ़ के पीएमश्री रेसीडेंसियल पोर्टाकेबिन हाई स्कूल नेलसनार के विद्यार्थियों के लिए विगत दिवस एक प्रेरणादायक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को इतिहास, संस्कृति, पर्यावरण और विज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा अधिकारी लखन लाल धनेलिया का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बस्तर क्षेत्र के ऐतिहासिक नगर बारसूर का भ्रमण किया। बारसूर को मंदिरों का शहर कहा जाता है जहां 10वीं, 11वीं शताब्दी में छिंदक नागवंशी शासकों की राजधानी हुआ करती थी। उस समय इसे चक्रकोट या भ्रमरकोट के नाम से जाना जाता था। यहाँ कभी लगभग 147 मंदिरों और तालाबों का समूह था जो उस समय की समृद्ध संस्कृति और स्थापत्य कला का प्रमाण है। विद्यार्थियों ने बारसूर की प्रसिद्ध जुड़वा गणेश प्रतिमाओं को देखा जो एक ही ग्रेनाइट पत्थर से निर्मित विशाल और अनूठी मूर्तियां हैं। इसके साथ ही उन्होंने ऐतिहासिक बत्तीसा मंदिर का अवलोकन किया जिसमें 32 सुंदर पत्थर के खंभे हैं और जिन पर अद्भुत नक्काशी की गई है।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आंबा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के सामुदायिक भवन में संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में आयोजित हुई, जिसका उद्देश्य महिला एवं बाल विकास से जुड़े प्रमुख संकेतकों के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना था।

कार्यशाला में विकासखंड के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के समग्र विकास की निगरानी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई, जिसमें बच्चों के वजन और ऊंचाई मापन, मासिक विकास परीक्षण तथा पूरक पोषण आहार वितरण की सही तरीके से एंट्री करने के बारे में विस्तार से बताया गया। विशेष रूप से पोषण ट्रैकर ऐप में डेटा प्रविष्टि, उसकी जांच और नेटवर्क की समस्या वाले क्षेत्रों में कार्य करने के तरीके पर भी प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर बाल विवाह को रोकने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से शपथ ली और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यशाला में महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रभारी अधिकारी देव कुमारी परिहार, दसोदा जैन, राजेश्वरी मडावी, भानुमति राणा, सरिता अलमा, सुमित्रा सलाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही आकांक्षी ब्लॉक फेलो कुमारी प्रीति गंजीर ने भी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में 0 से 6 वर्ष के बच्चों से संबंधित छह प्रमुख संकेतकों पर चर्चा की गई, जिनमें पूरक पोषण आहार वितरण, मासिक विकास परीक्षण, आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की उपलब्धता, विद्यालयों में शौचालय व्यवस्था तथा पशुधन के लिए एफएमडी टीकाकरण की मासिक रिपोर्ट शामिल हैं। इन सभी संकेतकों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा ब्लॉक स्तर पर विश्व स्वास्थ्य दिवस, विश्व जल दिवस, विश्व टीबी दिवस, राष्ट्रीय मातृ सुरक्षा दिवस एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों की रूपरेखा भी तैयार की गई। संपूर्णता अभियान 2.0 का क्रियान्वयन 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक किया जाना है। इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र में स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। यह कार्यशाला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए उपयोगी साबित हुई, जिससे वे अपने दायित्वों का बेहतर निर्वहन कर सकेंगी।

# भानुप्रतापपुर में 1450 ने दी उल्लास महापरीक्षा



**भानुप्रतापपुर।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देश तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी और अन्य अधिकारियों के मार्गदर्शन में भानुप्रतापपुर विकासखंड में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। विकासखंड में बनाए गए कुल 55 परीक्षा केंद्रों में 17 ग्राम पंचायतों के 1450 असाक्षर एवं नवसाक्षर परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह से ही सभी केंद्रों में परीक्षार्थियों की भीड़ और उत्साह देखने को मिला। भानुप्रतापपुर के ग्राम कराठी में निरीक्षण टीम सुरेंद्र उर्वशा तहसीलदार, टिकेश ठाकुर, अशोक ठाकुर एवं प्रअ फूलबाई सिन्हा के द्वारा गुलदस्ता और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। यहां सास-बहू ने एक साथ परीक्षा देकर प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। वहीं ग्राम कोकड़े में पति-पत्नी और मां-बेटी ने साथ में परीक्षा दी, जबकि जंजालीपारा कोरर में देवरानी-जेठानी और दंपत्ति ने एक साथ शामिल होकर साक्षरता की दिशा में कदम बढ़ाया। महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में विकासखण्ड के 17 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें विनायकपुर, कराठी, आसुलखार, पेवारी, फरसकोट, भीरागांव, घोठिया, सोनेकन्हार, जातावाड़ा, बैजनपुरी, डुमरकोट, सेलेगांव, हरनपुरी, भैंसाकन्हार डू, कनेचूर, चिल्हाटी और कोरर ग्राम पंचायत में परीक्षा सम्पन्न हुई। इस महापरीक्षा में पढ़ना, लिखना और गणित ज्ञान के तीन भाग शामिल रहे। परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों को पेंसिल, रबर सहित आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की गई।

## सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा का आधार, बनसागर बना जागरूकता की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरहरपुर

ग्राम पंचायत बनसागर में सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसने ग्रामीणों को जीवन की अहम जिम्मेदारी का एहसास कराया। पुलिस विभाग की मौजूदगी और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को यह समझाना था कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन बचाने का सबसे सरल और प्रभावी तरीका है।

विकासखंड नरहरपुर के बनसागर में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच संदीप कुमार कुंजाम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां ही बड़े हादसों को रोक सकती हैं। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग को अनिवार्य बताते हुए सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उनका कहना था कि परिवार की सुरक्षा हर व्यक्ति की प्राथमिक जिम्मेदारी है, और सड़क पर सतर्कता उसी का हिस्सा है। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अधिकांश सड़क दुर्घटनाएं लापरवाही और नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। उन्होंने तेज गति से वाहन चलाने, नशे की हालत में ड्राइविंग करने और बिना सावधानी सड़क पार करने के खतरों को समझाया। साथ ही बच्चों और युवाओं को विशेष रूप से जागरूक रहने की सलाह दी गई, ताकि वे खुद भी सुरक्षित रहें और दूसरों के लिए भी उदाहरण बन सकें। अंत में यह संदेश दिया गया कि सड़क पर एक छोटी सी गलती भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिए हर व्यक्ति का सजग और जिम्मेदार होना बेहद जरूरी है।

आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के प्रमुख नागरिकों में कृष्णा पटेल, बैदुराम साहू, शंकर कुंजाम, मनसुखा निषाद और लता कुंजाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## पेंच मरम्मत घटिया, एक महीने में 89 लाख की सड़क उखड़ी



**पखांजुर।** पखांजूर क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए सड़क मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। कोंडे से पी वी-109 तक लगभग 80 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत हाल ही में पूरी की गई थी, जिसके लिए करीब 89 लाख रुपएं खर्च किए गए।

मरम्मत के महज एक महीने के भीतर ही सड़क की हालत फिर से खराब हो गई है। कई स्थानों पर गड्ढे उभर आए हैं और डामर उखड़ने लगा है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। उनका कहना है कि विभाग ने केवल कागजों में काम दिखाया है, जबकि जमीनी स्तर पर घटिया सामग्री और अधूरा कार्य किया गया। अंदरूनी क्षेत्र होने के कारण निगरानी की कमी का भी आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों व ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही सड़क का पुनर्निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराया जाए, ताकि आम लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

## विभाग के निरीक्षण में पत्रकारिता के विद्यार्थियों को मिला विशेष मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर



कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक कुलसचिव सौरभ शर्मा एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मण्डावी ने शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भानुप्रतापपुर का निरीक्षण किया। बस्तर संभाग में पत्रकारिता विषय में डिग्री पाठ्यक्रम संचालित करने वाला यह एकमात्र महाविद्यालय है, जिससे इसकी शैक्षणिक महत्ता और भी बढ़ जाती है। यह निरीक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह के दिशानिर्देश में संपन्न हुआ।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके अध्ययन, पाठ्यक्रम और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा की। सहायक कुलसचिव सौरभ शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि एक पत्रकार लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ होता है, जो समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। उन्होंने विशेष रूप से इस महाविद्यालय की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि बस्तर संभाग में पत्रकारिता की पढ़ाई का यह एकमात्र केंद्र होने के कारण यहां के विद्यार्थियों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी है कि वे अपने क्षेत्र की आवाज को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया में उपलब्ध अवसरों की जानकारी देते हुए कौशल विकास, इंटर्नशिप और तकनीकी दक्षता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आशुतोष मण्डावी ने विद्यार्थियों से कहा कि आप ऐसे पाठ्यक्रम में अध्ययन कर रहे हैं, जो भीड़ से अलग पहचान दिलाएगा।प्रभारी प्राचार्य सुषमा चालकी ने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है कि बस्तर संभाग में पत्रकारिता डिग्री का एकमात्र केंद्र होने के नाते विश्वविद्यालय अधिकारियों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वरिष्ठ प्राध्यापक एवं एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा को अधिक व्यावहारिक और कौशल आधारित बनाया जा रहा है, जो पत्रकारिता जैसे विषय में विशेष रूप से आवश्यक है। अंत में पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष श्रीदाम ढाली ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा।

## माँ बंजारी दरबार की पंचमी पूजा में मंत्रों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पल्लामारी स्थित प्रसिद्ध माँ बंजारी मंदिर में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। नवरात्रि पंचमी के दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। जय माता दी के जयकारों और मंत्रोच्चार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत पंडित तामेश्वर तिवारी के मार्गदर्शन में हुई, जिन्होंने शास्त्रीय परंपरा के अनुसार कलश स्थापना कराई। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा के साथ भाग लेते हुए माँ बंजारी से सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। नवरात्रि के पांचवें दिन माँ स्कंदमाता की विशेष पूजा-अर्चना की गई। पंचमी तिथि के इस अनुष्ठान को अत्यंत फलदायी बताया गया। इस अवसर पर माँ बंजारी को पंचामृत स्नान, आकर्षक श्रृंगार एवं विशेष भोग अर्पित किया गया। मंदिर परिसर में दिनभर भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और ध्यान में लीन नजर आए। ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक भजनों के माध्यम से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। मंदिर समिति के अध्यक्ष हरी सिन्हा एवं सचिव भूपेंद्र सिंहा ने बताया कि इस आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने विश्वास जताया कि माँ बंजारी की कृपा से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी।

## आईपीएल के तर्ज पर पीपल 2 में होगा रात्रिकालीन मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



इन दिनों क्रिकेट प्रेमियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पखांजूर प्रीमियर लीग -2 का भव्य आगाज हो चुका है, जो आईपीएल की तर्ज पर आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दूधिया रोशनी के बीच रात्रिकालीन मुकाबलों का रोमांच दर्शकों को देर रात तक बांधे हुए है। हर दिन बड़ी संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचकर मैचों का आनंद ले रहे हैं। टूर्नामेंट में क्षेत्र की विभिन्न टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। आयोजन पूरी तरह प्रोफेशनल अंदाज में किया गया है, जिसमें टीम चयन, खिलाड़ियों की नीलामी और मैच संचालन आईपीएल की शैली में किया जा रहा है। खिलाड़ियों द्वारा शानदार बल्लेबाजी, सटीक गेंदबाजी और बेहतरीन फील्डिंग का प्रदर्शन दर्शकों को रोमांचित कर रहा है। स्थानीय खेल प्रेमियों का मानना है कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिल रहा है। साथ ही, यह पहल ग्रामीण अंचल में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रही है। आयोजकों के अनुसार, आगामी दिनों में और भी रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे, जिससे पखांजूर प्रीमियर लीग- 2 का उत्साह और भी चरम पर पहुंचने की उम्मीद है।

### भानुप्रतापपुर में शिक्षक फेडरेशन ने मुद्दों पर की बातचीत

# कर्मचारी नेता का किया स्वागत और पदोन्नति एवं आंदोलन पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा प्रांत अध्यक्ष रविंद्र राठौर के जगदलपुर प्रवास के दौरान भानुप्रतापपुर स्थित विश्राम गृह में आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने विभिन्न शैक्षणिक एवं संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला तथा यूडीटी उच्च श्रेणी शिक्षक के पदोन्नति संबंधी विषय पर विशेष रूप से चर्चा की गई। प्रांत अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने इस विषय में सकारात्मक आश्वासन देते हुए कहा कि जिले एवं संभाग में जल्द ही पदोन्नति आदेश जारी होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि फेडरेशन द्वारा इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि वर्तमान शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले ही सभी लंबित पदोन्नति आदेश जारी हो सकें। बैठक में शिक्षकों के हितों से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विशेष रूप से टीईटी परीक्षा के विरोध में आगामी 4 अप्रैल को प्रस्तावित देशव्यापी आंदोलन को सफल बनाने को लेकर रणनीति बनाई गई। इस संबंध में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रांतीय कार्यकारिणी अध्यक्ष बसंत कौशिक, अश्वनी कुर्रे, कौशल अवस्थी, पोखन साहू, जिलाध्यक्ष निर्भय कोवाची, जिला महामंत्री विकास ठाकुर, अनुशासन मंत्री प्रदीप दास, जिला सहसचिव बसंत कुमार साहू, जिला कोषाध्यक्ष मनोज मंडावी सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही दुर्गुकोंदल ब्लॉक अध्यक्ष देवकु प्रसाद महावीर, महेंद्र खुडसुंगे, नीलकंठ सोरी, हरीशचंद्र ठाकुर, पुष्पा खुडसुंगे, अशोक पुराबिया सहित अन्य शिक्षक साथी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

## पेज 9 के शेष

### शहर की बिगड़ रही...

लिए अचानक बस रोक देना आम बात हो गई है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। कई बार देखा गया है कि बस चालक बीच सड़क में ही वाहन खड़ा कर देते हैं और सवारियों को चढ़ाने-उतारने में लगे रहते हैं, जिससे अन्य वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जानकारों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के बीच इस तरह की लापरवाही शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर सकती है।

**व्यवस्था सुधारने की कवायद :** पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने कहा कि बस चालकों को शहर में बेवजह स्थान पर बस को रोककर सवारी न भरे, बनाए गए नियमों का पालन करे। इसके साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि यदि वे इस तरह की लापरवाही देखें, तो तुरंत हेल्पलाईन नंबर 94791-55125 को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बस चालकों द्वारा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना गंभीर लापरवाही है और यह सीधे तौर पर यातायात नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बांस प्लांट में दबिश, 8 जुआरी...

बेसरा पिता राम प्रसाद बेसरा निवासी गुडरीपारा थाना नारायणपुर जिला नारायणपुर, राजकुमार सरकार पिता पतीत सरकार निवासी आश्रम वार्ड थाना नारायणपुर जिला नारायणपुर, दिनेश गुप्ता पिता बद्रीप्रसाद गुप्ता निवासी नयापारा अंतागढ़ थाना अंतागढ़, दानेसाय मण्डावी पिता मंगुराम मण्डावी निवासी चिचमर्रा थाना भानुप्रतापपुर को गिरफ्तार करते हुए छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

**कार्रवाई टीम शामिल रहे :** इस पूरी कार्रवाई में थाना अंतागढ़ की पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें उप निरीक्षक आलोक सुबोध, प्रधान आरक्षक अजेन नरेटी, नंदलाल पोयम, जितेंद्र मांझी, आरक्षक रोशन नेताम, डीएसएफ आरक्षक शंभू उसेंडी और एसआई लतेश सोरी सहित अन्य जवान शामिल रहे।

**खबर संक्षेप**

## सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ कन्या पूजन



**गीदम।** नवरात्रि पर्व के पंचमी तिथि के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में कन्याओं का पूजन कार्यक्रम विद्यालय में रखा गया। सभी कन्याओं का चरण धोकर पैर में आलता माहुर लगाकर तिलक, चंदन, अक्षत व पुष्प से कन्याओं का स्वागत किया गया। संसार के कल्याण व विद्यालय के बच्चों को सद्बुद्धि प्रदाय हेतु कन्या पूजन करके आशीर्वाद लिया गया। भारतीय संस्कृति के समस्त परंपराओं को विद्यालय परिवार द्वारा उत्सव की तरह मनाया जाता है। रामनवमी के दिन विद्यालय के भैया बहन शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी बनाकर शामिल होते हैं। इस वर्ष भी विद्यालय के भैया बहनों द्वारा मनमोहक व आकर्षक झांकी भगवान राम, लक्ष्मण, जानकी, हनुमान का रूप धारण कर शोभायात्रा में शामिल होंगे व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## किसानों की समस्याएं नजरअंदाज

**घाटलोहंगा।** इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी



करते हुए राज्य सरकार, जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग पर सवाल उठाएं हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज कर वीआईपी दौरों पर ध्यान दिया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जब भी वीआईपी का दौरा चित्रकोट में होता है, तब जलप्रपात में पानी की कमी नहीं रहती है। संघर्ष समिति का कहना है कि जब किसान सिंचाई के लिए पानी की मांग को लेकर जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के पास बार-बार ज्ञापन देते हैं, तब उनकी सुनवाई नहीं होती।

## शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवानगी



बीजापुर। पीएम श्री योजना के अंतर्गत बीजापुर जिले में संचालित 5 पीएम श्री विद्यालय के मेधावी छात्रों एवं उत्कृष्ट शिक्षकों को एक्सपोजर विजिट के लिए स्पेस आवेदन केंद्र अहमदाबाद, गुजरात के लिए रवानगी किया गया। यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

# सीआरपीएफ सी-17 बटालियन ने ग्रामीणों को दी सामग्री व दवाइयां

## सालातोंग में स्वास्थ्य शिविर व सिविक एक्सन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

छत्तीसगढ़ सेक्टर के सीआरपीएफ महानिरीक्षक शालीन के मार्गदर्शन तथा राजेश पाण्डे पुलिस उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोन्टा के निर्देशन और विजय शंकर कमांडेन्ट 217 बटालियन के नेतृत्व में आज सी/217 बटालियन, सीआरपीएफ के सालातोंग कैम्प, पुलिस थाना किस्ताराम अंतर्गत सिविक एक्शन प्रोग्राम स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें सालातोंग कैम्प के आसपास गाँव टोंडामार्का, वीरम इत्यादि में रहने वाले लगभग 350 से अधिक आदिवासी ग्रामीणों, स्कूलों के बच्चो/युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजय शंकर कमांडेन्ट द्वारा ग्रामीणों को उनकी



आवश्यकता के अनुसार कम्बल, मच्छरदानी, छाता, साड़ियाँ, लुन्गी, गमझा, स्लीपर वितरित किये गये। ग्रामीणों छात्र एवं छात्राओं को स्कूल ड्रेस, बैग व किताबें पेंसिल इत्यादि प्रदान की गई एवं ग्रामीण युवाओं को वालीबॉल, नेट, फुटबॉल, क्रिकेट किट एवं ग्रामीण महिलाओं को बर्तन बाटे गये तथा मुफ्त चिकित्सा उपचार के लिए मेडीकल कैम्प भी लगाया गया तथा दवाईयों का वितरण किया।

इस मौके पर कमांडेंड विजय शंकर सभी ग्रामवासियों को सम्बोधन कर उन्हें उनकी सुरक्षा एवं सहायता करने का भरोसा दिलाया गया तथा ग्रामीणों को मुख्य धारा में जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी एवं उसके लाभ और उसके उपयोगिता के बारे में जानकारी दिया गया। सीआरपीएफ कैम्प होने की वजह से सरकारी कल्याणकारी योजनाएं आसानी से ग्रामीण वासियों तक पहुंच पा रही है। सड़क वह नेटवर्क की सुविधा भी ग्रामीण वासियों को प्राप्त हुई है, जिसके कारण ग्रामीण वासियों में उत्साह का माहोल देखा गया। इस अवसर पर रवि शर्मा, सहायक कमाण्डेंट, सी/217 बटालियन तथा अधिनस्थ अधिकारी व जवानों द्वारा ग्रामीणों को भोजन भी उपलब्ध करवाया गया।

## स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

# 217 बटालियन में हुए रंगारंग कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

217 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल कोंटा ने अपना 16वां स्थापना दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। कमांडेंट 217 बटालियन विजय शंकर ने क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड द्वारा सलामी ली और अमर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने

■ **बटालियन 2015 से क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयासरत है**

संबोधन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के गौरवशाली स्वर्णिम इतिहास के बारे में जानकारी दी तथा वीर शहीदों को याद करते हुए कहा की जो अपने प्राणों की आहुति देकर अमर हो गए उनकी शहादत हमारे लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं जो हमें साहस, शक्ति, एवं हौसला प्रदान करती है। यह बटालियन देश की आंतरिक सुरक्षा के प्रति सजग एवं सचेत है, बल्कि सामाजिक सरोकार एवं मानवता के प्रति भी उतना ही प्रतिबद्ध है। तत्पश्चात सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जवानों को संबोधित करते कहा कि 217 बटालियन का गठन 20 मार्च 2010 को समूह केंद्र सीआरपीएफ, पल्लीपुरम केरल में किया गया। यह बटालियन नक्सल उन्मूलन अभियानों के अंतर्गत सुकमा जिले में वर्ष 2015 से सक्रिय रूप से क्षेत्र में नक्सल उन्मूलन हेतु निरंतर प्रयासरत है।

साथ ही जवानों के कल्याणकारी योजनाओं, तनावमुक्त जीवन तथा बेहतर स्वास्थ्य एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत करने तथा अनुशासन के साथ कार्य करने के बारे में बताया । स्थापना दिवस पर परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। सायं कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में जवानों के साथ-साथ डीएवी स्कूल कोंटा के बच्चों द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुधवार के दिन परिसर में मेले का आयोजन किया गया जिसमें जवानों द्वारा स्वयं तैयार किए गए विभिन्न खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जो आकर्षण का केंद्र रहे। अधिकारियों द्वारा इन स्टॉलों का अवलोकन कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। यह आयोजन न केवल बटालियन के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का अवसर बना, बल्कि आपसी एकता, मनोबल एवं सामुदायिक सहभागिता को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर आनंद सिंह राजपुरोहित उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज सुकमा, राजेश पांडे उप महानिरीक्षक परिचालन रेंज कोंटा तथा 150, 74, 159, 212, 241, 228, 2, 131 226, 50 एवं 219 बटालियनों के कमांडेंट एवं द्वितीय कमान अधिकारियों एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, सुकमा, पुलिस उप अधीक्षक, कोंटा, प्रिंसिपल, डीएवी स्कूल कोंटा की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के अंत में बटालियन में सराहनीय कार्य करने वाले कर्मियों को पुरस्कृत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया एवं अतिथिगणों को यादगार स्वरूप मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। कार्यकम में डॉ. अमिताव साहू ,वीरेंद्र कुमार, नीर सिंह मीणा, डॉ. मनदीप सिंह, राजा इलमप्रर्थी एवं अनिल पाटिल सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी एवं जवानों ने मिलकर समारोह को यादगार बनाया।

# ग्रामीणों ने विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की ली शपथ

## गुण्डेपुरी में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

थाना फरसेगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गुण्डेपुरी में 22 मार्च को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला बल एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवानों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

■ **4 ग्रामों के लगभग 300 ग्रामीण कार्यक्रम में हुए शामिल**

कार्यक्रम में ग्राम गुण्डेपुरी, गुरतुल, ओडरी एवं आदवाड़ा के लगभग 300 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अमन कुमार लखीसरानी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस फरसेगढ़ द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही नक्सल संगठन में अभी भी सक्रिय माओवादियों को जंगलों में भटकने के बजाय अपने परिवारों के पास लौटने एवं शांतिपूर्ण जीवन अपनाकर अपने भविष्य का निर्माण करने के संबंध में अपील किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुनर्वासित माओवादियों द्वारा भी अपने पूर्व साथियों से हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की भावुक अपील की गई। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जंगल का जीवन एवं हिंसा का मार्ग केवल कष्ट देता है और इससे न तो व्यक्तिगत विकास होता है और न ही परिवार का भला होता है।

कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों में सकारात्मक उत्साह देखा गया तथा कई ग्रामीणों ने बच्चों की शिक्षा एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की शपथ ली।

## उल्लास महापरीक्षा का अधिकारियों ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



बस्तर विकासखंड में आयोजित उल्लास महा परीक्षा में खंड शिक्षा अधिकारी भारती देवांगन ने माध्यमिक शाला मुंडकटियापारा, संकुल खड़का मधोता में उल्लास महा परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण और परीक्षार्थियों की उपस्थिति का सूक्ष्म निरीक्षण किया। इस अवसर पर सरपंच कुंडगुड़ा ईस्पर मंडावी, मंडल अध्यक्ष सुखदेव मंडावी, संकुल समन्वयक कृष्णा सिंह ठाकुर और विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से परीक्षा का संचालन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने बस्तर ब्लॉक में उल्लास केंद्रों का निरीक्षण किया और आदर्श उल्लास केंद्र बालेंगा का अवलोकन किया। सालेमेटा 2 में सभी नवसाक्षर उपस्थित पाए गए। उन्होंने लामकेर, बड़े चकवा, चोकर, करमरी में भी आशा के अनुरूप निरीक्षण के द्वारा दौरान पाए गए।

# संगठन की मजबूती और प्रभारियों की नियुक्ति पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा



नगर पंचायत बस्तर में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी देवचन्द्र मातलाम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इस दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, कार्यकारिणी के विस्तार और आगामी चुनावों की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। ला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला ने कहा कि पार्टी की असली ताकत बूथ कमेटी होती है, इसलिए इसे मजबूत करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय होकर अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ना होगा।

प्रभारी ने कहा कि जिला, ब्लॉक, मंडल, सेक्टर एवं बूथ स्तर पर कार्यकारिणी का गठन कर उसे शीघ्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजना है। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों को साथ लेकर संगठन को मजबूती देने की जरूरत है, तभी वर्ष 2028 में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनाना संभव होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि सेक्टर और मंडल स्तर पर तत्काल प्रभारियों की नियुक्ति की जाए तथा पंचायत स्तर पर समितियों का गठन किया जाए। साथ ही उन्होंने कार्यकारिणी में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ने पर विशेष जोर दिया। पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ, सेक्टर और मंडल स्तर पर निर्भर करती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि बूथ प्रभारी नियुक्त कर जनसंपर्क बढ़ाएं और युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करें।

## विकसित भारत-जी राम जी से संबंधित स्पर्धा की तिथियों में वृद्धि

**बीजापुर।** केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम जी अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा युवाओं एवं नागरिकों की रचनात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता की अंतिम तिथियों को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है। मंत्रालय द्वारा यह निर्णय युवाओं, विद्यार्थियों, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों को अधिक समय प्रदान करने तथा देशभर से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। माय जीओव्हीपोर्टल पर आयोजित लोगो डिजाइन प्रतियोगिता तथा मायभारत पोर्टल पर आयोजित राष्ट्रीय रील, वीडियो चैलेंज एवं विकसित भारत.जी राम जी क्विज कॉम्पीटिशन के माध्यम से प्रतिभागी अपने रचनात्मक विचारों, डिजिटल अभिव्यक्तियों एवं ज्ञान के जरिए ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और आजीविका संवर्धन से जुड़े विषयों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# पशुपतिनाथ मंदिर से गांधीनगर शिव मंदिर तक शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज : किरन्दुल



हिंदू नववर्ष और रामनवमी के उपलक्ष्य में रविवार को लौह नगरी किरंदुल पूरी तरह राममय नजर आई। हिंदू नववर्ष एवं रामनवमी आयोजन समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। काशी से आए विशेष कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मां के नौ रूपों की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शंखनाद और मां दंतेश्वरी की जयकारों के साथ शुरू हुआ कारवां। शोभायात्रा का आगाज शाम 5 बजे कोड़ेनार नंबर 4 स्थित पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से हुआ। विधिवत पूजा अर्चना आरती के बाद गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। बंगाली कैंप चौक, हरिचंद मंदिर चौक और बस स्टैंड चौक पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रीश्री राघव मंदिर और शीतला माता मंदिर में विशेष आरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं का भारी उत्साह देखने को मिला। शोभायात्रा का सबसे मनमोहक हिस्सा काशी से आए कलाकारों की टोली रही। मां के नौ अवतारों के रूप में सजे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे कारवां पुराना डबल स्टोरी चौक और हाई राइस टावर से होकर गुजरा, पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के नारों से गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा का समापन गांधी नगर शिव मंदिर के सामने हुआ। काशी के कलाकारों ने एक बार फिर अपनी भव्य झांकियों का प्रदर्शन किया, जिसे देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया।

## चारामा ब्लॉक में 10 माह से पेंशन बंद सरपंच संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

**चारामा।** चारामा ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में पिछले 9-10 महीनों से पेंशन योजना बंद होने के कारण हितग्राहियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर सरपंच संघ की मासिक बैठक जनपद पंचायत सभागार में आयोजित की गई, जिसमें कई अहम समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन सहित अन्य पेंशन योजनाओं का भुगतान लंबे समय से नहीं हो रहा है, जिससे बुजुर्ग और दिव्यांग लोगों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। सरपंचों ने मांग की कि जल्द से जल्द सभी लंबित पेंशन राशि का भुगतान किया जाए। इसके अलावा बैठक में महतारी वंदन योजना का पोर्टल बंद होने का मुद्दा भी उठाया गया। सरपंचों ने कहा कि पोर्टल बंद होने से कई महिलाएं योजना का लाभ लेने से वंचित हैं, इसलिए इसे जल्द शुरू किया जाए। सरपंच संघ ने यह भी आरोप लगाया कि चारामा ब्लॉक के साथ निर्माण कार्यों में भेदभाव किया जा रहा है, जबकि अन्य ब्लॉकों को पर्याप्त काम मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य योजनाओं जैसे मुर्गी शेड, बकरी शेड, सुअर शेड आदि को फिर से शुरू करने की मांग की। सरपंच संघ के उपाध्यक्ष जय प्रकाश गावड़े ने कहा कि यदि अप्रैल महीने तक पेंशन का भुगतान शुरू नहीं हुआ, तो सभी सरपंच और हितग्राही ब्लॉक कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन करेंगे।

**बिजनेस साइट**

# ग्राहकों के साथ विश्वास का मजबूत रिश्ता बनाने के लिए यह बड़ा कदम : आशाराम

**कांकेर।** शहर कांकेर के सन्नी मोबाइल द्वारा आयोजित 71 वां भव्य लकी ड्रॉ उत्सव पूरे उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन ने न सिर्फ ग्राहकों को आकर्षक उपहारों से नवाजा, बल्कि उनके विश्वास और जुड़ाव को भी मजबूत किया। लक्की ड्रॉ उत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक आशाराम नेताम ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन ग्राहकों के साथ विश्वास का मजबूत रिश्ता बनाते हैं। यह न केवल व्यापार को बढ़ावा देता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर लोगों में उत्साह और सहभागिता भी बढ़ाता है। नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने कहा कि यह लकी ड्रॉ उत्सव बेहद सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजन व्यापार और ग्राहकों के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं। इससे स्थानीय बाजार को भी बढ़ावा मिलता है और लोगों में उत्साह का माहौल बनता है। आयोजकों को इस सफल कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं देता हूं। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होते रहें, जिससे शहर में सकारात्मक वातावरण बना रहे।

आयोजित लकी ड्रॉ के मुख्य पुरस्कारों में प्रथम पुरस्कार के रूप में होंडा एक्टिवा रश्मी नेताम, द्वितीय पुरस्कार होंडा शाइन बाइक छेड़ूलाल मांडवी, तृतीय पुरस्कार वॉशिंग मशीन राजेश्वरी कांगे, चतुर्थ पुरस्कार एलईडी टीवी प्रेमिन मांडवी, पंचम पुरस्कार साउंड टावर विजेता पृथ्वी राज, छठा पुरस्कार स्मार्टवॉच विजेता 11, सातवां पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर विजेता 11, आठवां पुरस्कार ट्रॉली बैग 11, नवां पुरस्कार इयरफोन 11, दसवां पुरस्कार चांदी का सिक्का 11, ग्यारहवां पुरस्कार 5 लीटर वाटर जग 11 व्यक्ति को पुरूस्कार वितरण किया गया।



# कोटवार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस व प्रशासन की रीढ़ : एसपी राखेचा

**कांकेर।** ग्रामीण सुरक्षा को मजबूती देने ,कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने, समन्वय स्थापित करने, सूचना तंत्र को मजबूत बनाने एवं जनसुरक्षा पर विशेष जोर के लिए कोटवार सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर में थाना एवं चौकी क्षेत्र में कार्यरत कोटवारों का एक दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोटवार ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस एवं प्रशासन की रीढ़ होते हैं। उनकी सक्रियता एवं समय पर दी गई सूचना से अपराधों की रोकथाम एवं नियंत्रण में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। कोटवार एवं बीट आरक्षकों के मध्य बेहतर तालमेल से गांवों में




शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।इस अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सकारात्मक सामाजिक वातावरण निर्माण के लिए कोटवारों को पुलिस अधीक्षक द्वारा शपथ दिलाई गई। सम्मेलन के दौरान कोटवारों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कोटवारों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।साथ ही ड्राइविंग लाइसेंस बनाने एवं नवीनीकरण के लिए कोटवारों से आवेदन लिया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, एसडीओपी मोहसिन खान एवं डीएसपी अविनाश ठाकुर व प्रशिक्षु आईपीएस प्रतीक दादासाहब बनसोड़े व तहसीलदार पुष्पराज पात्रे, राजस्व, समाज कल्याण, परिवहन, कृषि, उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हैप्पीनेस कोर्स में सीखी योग की सुदर्शन क्रिया



**चारामा।** आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा 6 दिवसीय हैप्पीनेश कोर्स का आयोजन हुआ, जिसका समापन 22 मार्च को किया गया। इस आयोजन में प्रतिभागियों को सुदर्शन क्रिया, ध्यान और जीवन जीने के विभिन्न अनुभवो पर चर्चा किया गया। कोर्स में योगाभ्यास, सामूहिक परिचर्चा एवं सामूहिक क्रियाकलाप के द्वारा जीवन के मूलभूत रहस्यों की ओर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षक परशुराम निर्मलकर, डिकेश जैन, मीना निर्मलकर ने जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया, जिसका नगरवासियों ने लाभ लिया। आगामी हैप्पीनेस प्रोग्राम 1 से 6 अप्रैल तक किया जाएगा।

### जेपी की छात्रा का नवोदय में चयन

कांकेर। ग्राम किरगोली की होनहार छात्रा यशस्वी शिखर कोड़ोपी ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में



शानदार प्रदर्शन करते हुए 93.75 प्रतिशत अंक अर्जित कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। वर्तमान में कक्षा 5 वीं की छात्रा यशस्वी जेपी इंटरनेशनल स्कूल, सरंगपाल में अध्ययनरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार और विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। यशस्वी की मेहनत, लगन और अनुशासन ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प के साथ की गई तैयारी सफलता जरूर दिलाती है।

### छात्रवृत्ति ऑनलाइन पंजीयन 30 तक

**कांकेर।** जिले में संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों, मेडिकल कॉलेज, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 30 मार्च तक ऑनलाईन पंजीयन करा सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं के आवेदन पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाईन की जा रही है।

### महिला उमंग प्रतिभा महाधिवेशन कल

भानुप्रतापपुर। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित संकुल स्तरीय संगठनों द्वारा महिला उमंग एक प्रतिभा 2026 महाधिवेशन का आयोजन 24 मार्च मंगलवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, स्वावलंबन और ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। इसका आयोजन सबलपुर रोड स्थित बांस डिपो के सामने ग्राम पंचायत कराठी में किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं की विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें मेहंदी कला, पाक कला, हस्तशिल्प, पेंटिंग, सांस्कृतिक गतिविधियां, फैशन प्रस्तुति और खेलकूद जैसी विधाएं शामिल रहेंगी।

### प्रमुख जन गोष्ठी में वक्ताओं ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ध्येय का किया निरूपण

# संस्कृति, परिवार और राष्ट्र की एकता है आरएसएस के शताब्दी वर्ष का उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर कांकेर नगर में आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी ने समाज में एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना का सशक्त संदेश दिया। बाफना लॉन में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने जहां देश की वर्तमान चुनौतियों पर विचार रखा, वहीं समाज को जोड़ने और परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ करने का आह्वान भी किया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत कांकेर नगर स्थित बाफना लॉन में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विजयादशमी उत्सव पद संचलन से प्रारंभ हुए आयोजनों का छठवां चरण था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख भारत भूषण ने उपस्थित जनसमूह का मार्गदर्शन किया और विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा की विशेष उपस्थिति रही। अपने संबोधन में भारत भूषण ने छत्तीसगढ़ की पावन धरती को नमन करते हुए कहा कि यह भूमि माता कौशल्या की जन्मभूमि है, जिसने भगवान राम को जन्म देकर पूरे विश्व को मर्यादा और आदर्श का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि भले ही यहां भौतिक सुविधाएं सीमित हों, लेकिन बस्तर की धरती में शांति, संतोष और आत्मीयता का जो भाव है, वह अद्वितीय है। उन्होंने दिल्ली जैसे महानगरों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां साधन तो प्रचुर हैं, लेकिन तनाव, प्रतिस्पर्धा और द्वेष ने जीवन को असंतुलित कर दिया है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र के संदर्भ में कहा कि एक समय यहां के सरल और भोले युवाओं को भटकाकर हिंसा की राह पर ले जाया गया, जिससे क्षेत्र में अशांति फैली। हालांकि अब स्थिति बदल रही है और यह भूमि पुनः शांति और विकास की दिशा में आगे बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि भगवान राम की कृपा से हर संकट का समाधान संभव है। भारत भूषण ने देश की एकता पर जोर देते हुए कहा कि इतिहास में भी विदेशी शक्तियों ने हमारे बीच फूट डालकर शासन किया और आज भी प्रांत, भाषा और जाति के नाम पर समाज को विभाजित करने के प्रयास हो रहे हैं।

उन्होंने परिवार का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे परिवार में अलग-अलग विचार और स्वभाव होने के बावजूद सभी एकजुट रहते हैं, वैसे ही देश को भी "एक राष्ट्र, एक जन" की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने "हिंदू" शब्द की व्यापक परिभाषा बताते हुए कहा कि यह केवल बाहरी आचरण तक सीमित नहीं है, बल्कि "वसुधैव कुटुंबकम" और "सर्वे भवंतु सुखिनः" की भावना रखने वाला हर व्यक्ति इस परिभाषा में आता है। उन्होंने कहा कि सभी मनुष्य एक ही परमात्मा की संतान हैं, इसलिए समस्त मानव समाज एक परिवार है।

कार्यक्रम में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर भी जोर दिया। उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग को कम करने, रासायनिक खाद और जहरीली दवाइयों से दूर रहने तथा प्राकृतिक जीवनशैली अपनाने की अपील की। साथ ही परिवारों में संवाद बढ़ाने, बच्चों को मोबाइल से दूर रखने और प्रतिदिन कुछ समय परिवार के साथ बिताने का सुझाव दिया।

## आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम 1250 हितग्राहियों का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जन शिक्षण संस्थान द्वारा कम्युनिटी भवन में भव्य कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन न केवल प्रशिक्षणार्थियों की मेहनत का उत्सव था, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल का जीवंत उदाहरण भी बना।

समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि कौशल विकास ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित साइबर सेल अधिकारी जितेंद्र साहू ने प्रतिभागियों को उनके कौशल के लिए बधाई दी और साथ ही बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने की महत्वपूर्ण सलाह दी। उन्होंने कहा कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा की समझ भी आज के समय में अत्यंत आवश्यक है। समारोह को और आकर्षक बनाते हुए बच्चों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने लोक नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक रंग बिखेरे, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। इसके साथ ही प्रशिक्षण के दौरान तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी और स्टॉल भी लगाए गए, जिन्होंने प्रतिभागियों की दक्षता और स्वरोजगार की संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया।

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित इस संस्थान ने विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 1250 हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को और मजबूत किया। इस अवसर पर संस्थान की बीओएम सदस्य अंजना श्रीवास्तव, कार्यकारी समिति की अध्यक्ष सबिता कोराम, तामेश्वरी हिचामी, पार्षद हितेंद्र खटवानी एवं ओमप्रकाश देवांगन सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से पिता-पुत्री की हालत गंभीर

**कांकेर।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर तेज रफ्तार ने कहर बरपाया, जिसमें झिपाटोला डिवाइडर के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पिता और मासूम बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। अज्ञात ट्रक की लापरवाही ने एक खुशहाल सफर को दर्दनाक हादसे में बदल दिया।



जानकारी के अनुसार हल्बा चौकी क्षेत्र के ग्राम कुरुभाट निवासी दीनबंधु साहू अपनी पुत्री दीपिका साहू के साथ मोटरसाइकिल सीजी 19 बीई 9774 पर सवार होकर ग्राम भोथा पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजकर 50 मिनट पर बजे जैसे ही वे झिपाटोला डिवाइडर के पास पहुंचे, तभी चारामा से कांकेर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों बाइक से उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में दीनबंधु साहू को सिर, दाहिनी जांघ और दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं, वहीं मासूम दीपिका के सिर, एड़ी, कोहनी और पीठ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें धमतरी रेफर कर दिया।

## उल्लास महापरीक्षा जिले में 9535 नवसाक्षरों ने दी

**कांकेर** उल्लास महापरीक्षा अभियान के तहत रविवार 22 मार्च को महापरीक्षा जिले में आयोजित की गई जिसमें असाक्षरों को साक्षर बनाने 567 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे



जहां महिला नवसाक्षर 6418 और पुरुष नवसाक्षर 3117 कुल 9535 नवसाक्षरों ने परीक्षा दी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में जन-जन को साक्षर बनाने के उद्देश्य से उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए 2027 तक शत प्रतिशत 2027 तक साक्षर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इसी क्रम में 22 मार्च को उल्लास महापरीक्षा जिले के सातों विकासखंडों की प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला को परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

## लखनपुरी-उड़कुड़ा सड़क निर्माण का भूमिपूजन, विकास की राह पर

**कांकेर।** लखनपुरी में विकास की एक नई इबारत लिखी गई, जब लखनपुरी से उड़कुड़ा तक बनने वाले सड़क मार्ग का विधिवत भूमिपूजन किया गया। उत्साह और उल्लास से भरे इस आयोजन में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। सड़क निर्माण की यह पहल न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्रीय विकास को भी नई गति प्रदान करेगी।



मुख्य अतिथि की आसंदी से विधायक सावित्री मनोज मंडावी भूमिपूजन के दौरान कहा कि लखनपुरी से उड़कुड़ा सड़क का निर्माण क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे आज हम पूरा होते देख रहे हैं। यह सड़क गांवों को जोड़ने के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर भी लेकर आएगी। हमारी सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा ने कहा कि यह सड़क केवल एक मार्ग नहीं, बल्कि गांवों की प्रगति का सेतु है। इससे क्षेत्र के किसानों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी। हम लगातार ऐसे विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं जो सीधे जनता के जीवन को बेहतर बनाते हैं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान ग्रामीणों ने पारंपरिक स्वागत कर अतिथियों का अभिनंदन किया।

# शहीद दिवस के शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रहित



हरिभूमि न्यूज : भानुप्रतापपुर

भगत सिंह के शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार 23 मार्च को नगर में एक प्रेरणादायक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहीद भगत सिंह क्लब, भानुप्रतापपुर द्वारा आयोजित यह शिविर होटल तराशा हॉल में सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता की सेवा करते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना रहा। शिविर में युवाओं के साथ-साथ विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। आयोजकों ने एक यूनिट रक्त किसी की जान बचा सकता है संदेश के साथ लोगों को प्रेरित किया।

शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को रक्तदान के महत्व एवं इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में भी जागरूक किया गया। पूरे आयोजन में कुल 45 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जो जरूरतमंदों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। आयोजक समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे ऐसे सामाजिक कार्यों में आगे आकर सहभागिता निभाएं और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर गुरदीप सिंह डिंडसना, लक्ष्मीकांत ठाकुर, सुशांत सिंह पंवार, हिमांशु सचेती, सुरेश सचदेव, दीपक गजेंद्र, शिशिर सिंह, सतनाम सिंह, परविंदर सिंह, अमरिंदर सिंह, मनीष परिहार, प्रशांत सिन्हा, प्रतीक हरदवानी सहित शहीद भगत सिंह क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी कर्नाटक से गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कांकेर पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को दूसरे राज्य से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को कर्नाटक से पकड़कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

बीती 22 जनवरी को थाना अंतागढ़ में पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(1), 64 (2)(एम) और पॉक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत मामला दर्ज किया था। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। साइबर सेल की मदद और तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण से पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक में छिपा हुआ है। आरोपी बड़गांव थानांतर्गत ग्राम मंगहुर निवासी 23 वर्षीय मनसाय पुड़ो उर्फ समीर पिता रायदेर पुड़ो को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान यह खुलासा हुआ कि आरोपी ने नाबालिग पीड़िता को डरा-धमका कर खुद को बचाने के लिए किसी अन्य निर्दोष व्यक्ति का नाम पुलिस के सामने लेने का दबाव भी बनाया था। पुलिस टीम ने कर्नाटक पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसे 22 मार्च को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय भानुप्रतापपुर में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। इस सफल ऑपरेशन में निरीक्षक रमेश जायसवाल, उप निरीक्षक हेमलता परिहार, सउनि कंवल ठाकुर, साइबर सेल से आरक्षक प्रणय यादव और कोतवाली कांकेर के स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## पुरानी पेंशन व सेवा गणना पर मंत्री से टीचर्स एसोसिएशन ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर महत्वपूर्ण पहल सामने आई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने मत्स्य बोर्ड के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त भरत मटियारा से मुलाकात कर पुरानी पेंशन बहाली और प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना की मांग को जोरदार ढंग से उठाया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए शीघ्र निर्णय की मांग किया है। पखांजुर रेस्ट हाउस में हुई इस मुलाकात में एसोसिएशन ने एलबी संवर्ग के शिक्षकों को प्राचार्य व व्याख्याता पदों पर पदोन्नति देने के लिए शासन का आभार भी जताया। साथ ही उन्होंने 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा शर्त में शिथिलता देकर 5 वर्ष में क्रमोन्नत वेतनमान, वेतन विसंगतियों का समाधान, डीएड प्रशिक्षित शिक्षकों को बीएड ब्रिज कोर्स के माध्यम से पदोन्नति, टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने और निलंबित शिक्षकों की बहाली जैसी मांगें प्रमुखता से रखीं। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार के पेंशन नियमों के अनुसार 33 वर्ष की अर्हकारी सेवा की बाध्यता समाप्त कर 20 वर्ष सेवा पर 50 प्रतिशत पेंशन का प्रावधान किया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी भी कई कर्मचारी इस लाभ से वंचित हैं। उन्होंने राज्य में भी इसी व्यवस्था को लागू करने की मांग की। इस पर श्री मटियारा ने सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से चर्चा कर जल्द सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका,
झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

